## महत्वपूर्ण एवं खास

### एसईसीएल कर्मी से 242086 रुपए की ऑनलाइन ठगी, थाना छाल में धोखाधड़ी का अपराध दर्ज

**रायगढ़।** दिनांक 19.10.2022 को एसईसीएल जामपाली खुली खदान में कार्यरत इन्द्रकुमार गवेल पिता बल्देव प्रसाद गवेल उम्र 54 वर्ष निवासी डोमनारा कालोनी B/20 फरकानारा, छाल द्वारा आवेदन देकर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। रिपोर्टकर्ता इन्द्रकुमार गवेल बताये कि दिनांक 16.10.22 को फोन पे काम नहीं करने पर गूगल से सर्च कर कस्टमर केयर नंबर से बात करने पर कॉलर मैनेजर बात कराने बोला। थोड़ी देर बाद दूसरे मोबाइल नम्बर 964761XXXX जो किसी अमरजीत सिंह के नाम से रजिर्स्टड है बात किया। उसके कहे अनुसार मोबाइल पर कार्य करने पर सेंट्रल बैंक और स्टेट बैंक के चार खाता से कई बार ट्राजेक्शन होकर कुल जुमला रकम 2,42,086/- रूपये आनलाईन ट्रांसफर हो गया। धोखाधडी के आवेदन पर थाना छाल में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 420 IPC का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### कोरोना वायरस से मृत चार व्यक्तियों के परिजनों को अनुग्रह अनुदान सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** छ.ग.शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा जारी आदेश के तहत अनुविभाग धरमजयगढ़ एवं सारंगढ़ अंतर्गत कोविड-19 कोरोना वायरस से मृत 5 व्यक्तियों के परिजनों/आश्रितों को कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं तहसीलदार के परीक्षण पश्चात 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गयी है। कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरोना के दौरान जिन लोगों की मृत्यु हुई इनमें तहसील छाल के ग्राम-चंद्रशेखरपुर निवासी दूधनाथ भारद्वाज एवं तहसील सारंगढ़ ग्राम-मल्दा निवासी रामदिल साहू, सारंगढ़ की सीताबाई एवं टिमरलगा के हरिप्रसाद उर्फ शामिल है।

### महिला के खाते से 29700 रुपए पार

**रायपुर (आरएनएस)।** चंगोराभाठा श्रीरामनगर में अज्ञात व्यक्ति ने एक महिला के खाते से 29700 रुपए पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार श्रीराम नगर चंगोराभाठा निवासी प्रार्थिया फलेश्वरी साहू 38 वर्ष ने थाने में शिकायत की कि 13 अक्टूबर को उसके पास अज्ञात मोबाइल नंबर 91347-14975 से कॉल आया। उक्त व्यक्ति ने अपने आप को एसबीआई बैंक का कर्मचारी बताकर प्रार्थिया से एटीएम कार्ड की जानकारी ली। जिसके बाद आरोपी ने महिला से ओटीपी नंबर पूछा और उसके खाते से 29700 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घायल मजदूर की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** खरोरा के रायखेड़ा स्थित जीएमआर कंपनी में काम करने के दौरान एक मजदूर मशीन में फंसकर घायल हो गया था, जिसका अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में खरोरा पुलिस ने फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक सरोज कुमार बारीक 29 वर्ष मूलत: गजीया थाना खातापाड़ा, जिला बालेश्वर उड़िसा का रहने वाला था। वह रायखेड़ा में स्थित जीएमआर कंपनी में काम करता था। बताया जाता है कि सरोज कुमार काम करने के दौरान मशीन में फंसकर घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए नारायणा अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

# हत्या के प्रयास मामले का फरार आरोपी ग्राम रेगडा से गिरफ्तार

**❑ आरोपी युवक ने सगाई घर में हमउम्र युवक पर किया था धारदार हथियार से प्राण घातक वार**



**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा के मार्गदर्शन पर दिनांक 19.10.2022 को #चक्रधरनगर पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास मामले के फरार आरोपी मुक्ति प्रकाश पिता राजू तिग्गा (18 वर्ष) निवासी छोटे रेगड़ा थाना चक्रधरनगर को मुखबिर सूचना पर ग्राम रेगडा में दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

घटना के संबंध में दिनांक 29.09.2022 को थाना चक्रधरनगर में रिपोर्टकर्ता अनिरूद्ध बडा पिता स्व. निरंजन बडा उम्र 33 वर्ष निवासी छोटे रेगडा थाना चक्रधरनगर रायगढ़ द्वारा छोटे रेगड़ा बस्ती के मुक्ति प्रकाश द्वारा इसके भतीजे अभिषेक बड़ा (18 वर्ष) के पेट में चाकू से मारकर गंभीर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराया है। रिपोर्टकर्ता अनिरूद्ध बडा बताया कि दिनांक 29.09.2022 को भाभी के यहां सगाई का कार्यक्रम था जिसमें सभी परिवार के लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे। गांव में रहने वाला मुक्ति प्रकाश भी कार्यक्रम में आया था जो बड़े-बुर्जुगों के पास बार-बार आ रहा था जिसे समझाते हुये कहा गया कि खाना पीना हो रहा है, अपने उम्र के लडकों के साथ में रहो जिससे मुक्ति प्रकाश नाराज होकर गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट करना शुरू कर दिया जिसे देख भतीजा अभिषेक बडा आकर मुक्ति प्रकाश को "मेरे चाचा को क्यों मारपीट कर रहा है" कहने पर मुक्ति प्रकाश अपने पास रखे चाकू से अभिषेक के पेट में मार दिया जिससे अभिषेक के पेट से खून बहने लगा। घटना की रिपोर्ट पर आरोपी मुक्ति प्रकाश पर अप.क्र. 529/2022 धारा 294, 323, 307 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर आहतों का मुलाहिजा कराया गया, घटना के बाद से आरोपी मुक्ति प्रकाश फरार था।

थाना का चार्ज लेने के बाद निरीक्षक थाना प्रभारी प्रवीण मिंज द्वारा लंबित मामलों के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी लिये अपने स्टाफ को मुखबिर लगाकर नये सिरे से आरोपियों की पतासाजी का निर्देश दिया गया। इसी कड़ी में आज आरोपी मुक्ति प्रकाश को रेगड़ा में घूमते देखे जाने की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया जिससे घटना में प्रयुक्त चाकू की जब्ती की गई है, आरोपी को आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रवीण मिंज, उप निरीक्षक दिनेश बहिदार, प्रधान आरक्षक लोमश राजपूत, आरक्षक सुशील यादव, चुडामणी गुप्ता की प्रमुख भूमिका रही है।

## दीपावली पर्व को लेकर जिले में बढ़ाई गई चौकसी, बाजार में पुलिस ने की पैदल पेट्रोलिंग



**रायगढ़।** दीपावली पर बाजार में भीड़ को देखते हुए एसपी अभिषेक मीणा द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को "विजुअल पुलिसिंग" की दिशा में बाजारों में पुलिस की पैदल पेट्रोलिंग बढाने का निर्देश दिया गया है जिससे आम लोगों में सुरक्षा का भाव हो वहीं असामाजिक तत्वों के मन में पुलिस का भय उत्पन्न हो। एसपी के निर्देशन पर जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारी अपने स्टाफ के साथ बाजारों में पैदल पेट्रोलिंग कर संदिग्धों पर निगाह रखा जा रहा है। पेट्रोलिंग दौरान सड़क पर वाहन खड़े करने वालों को समझाइश दिया गया। पेट्रोलिंग के साथ ट्राफिक अमला यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में जुटा है। रक्षा टीम के सदस्यों के साथ पुलिस के जवान सादी वर्दी में असमाजिक लोगों पर नजर रख रहे हैं।

एडिशनल एसपी संजय महादेवा द्वारा थाना, चौकी प्रभारियों को दीपावली तक प्रतिदिन प्रमुख चौंक-चौराहों में जवानों को तैनात करने एवं देर शाम तक बाजार में पैदल पेट्रोलिंग करने निर्देशित किया गया है।

## शारीरिक शोषण व दुष्कर्म की रिपोर्ट पर कापू पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**❑ किशोर बालिका ने दर्ज कराई थी युवक पर शारीरिक शोषण व दुष्कर्म की रिपोर्ट**



**रायगढ़।** दिनांक 18.10.2022 को थाना कापू में स्थानीय 17 वर्षीय बालिका द्वारा भोग सिंह लोहार (उम्र 22 वर्ष) द्वारा शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। नव पदस्थ थाना प्रभारी कापू उप निरीक्षक बलदेव साय पैंकरा बालिका के रिपोर्ट को गंभीरता पूर्वक लेते हुए तत्काल आरोपी की पतासाजी कर गांव में दबिश देकर हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पीड़ित बालिका बताई कि घर के काम में परिवारवालों का सहयोग करती है। परिचित भोग सिंह शादी कर पत्नी बनाकर रखूंगा कहकर बोलता था और दिनांक 01.09.2022 को सुबह बहला फुसलाकर अपने मामा गांव ले गया, जहां शादी करने का विश्वास देकर शारीरिक संबंध बनाया। घरवाले खोजते हुए दोनों को दिनांक 14.10.2022 को घर लेकर आए। बालिका बताई कि भोग सिंह दिनांक 01.09.2022 से 14.10.22 तक शादी करूंगा कहकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया जो अब शादी से इंकार कर रहा है। बालिका के आवेदन पर थाना कापू में आरोपी युवक भोग सिंह पर धारा 363, 366, 376 IPC, 4, 6 Pocso Act का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## भकुर्रा के जंगल में पकड़ाया 6 हजार किलोग्राम महुआ लाहन एवं 400 लीटर अवैध महुआ शराब





**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू के निर्देशन में रायगढ़ जिले में अवैध शराब निर्माण, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार कार्यवाही जारी है। इसी कड़ी में सहायक आयुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा के निर्देश पर शराब की अवैध बिक्री के विरूद्ध आबकारी वृत्त बरमकेला, सरिया एवं सारंगढ़ के प्रभारियों द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई। भारी अमले के साथ ग्राम भकुर्रा के जंगल की सघन जांच की गई, जिसमें 6 हजार किलोग्राम महुआ लाहन, 400 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ भारी संख्या में शराब बनाने का पात्र मिला। जिसे मौके पर ही नष्टीकरण कर प्रकरण दर्ज की कार्यवाही की गई।

उक्त कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक कुलदीप शर्मा, अनिल बंजारे एवं विकास पाल साण्डे, राजकुमार कश्यप, भेखराम पटेल, लालसिंह ठाकुर, मिलन साहू, अशोक पटेल एवं सुरक्षा कर्मियों की विशेष भूमिका रही।

## युवक की करंट से मौत मामले में लैलूंगा पुलिस ने दो आरोपियों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर दोनों को किया गिरफ्तार

**❑ 11 के.व्ही. विद्युत करंट की चपेट में आने से हुई थी युवक की मौत, लैलूंगा के ग्राम चोरंगा की घटना**



**रायगढ़।** थाना लैलूंगा अन्तर्गत ग्राम चोरंगा में दिनांक 17.10.2022 को विद्युत प्रवाहित ट्रांसफार्मर के ऊपर चढ़कर बिजली सुधार करने वाले युवक विद्यासागर नायक (21 साल) का विद्युत करंट की चपेट से मौके पर ही फौत हो गया था। मामले में एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर लैलूंगा थाना प्रभारी निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम गंभीरता पूर्वक मर्ग जांच कर गवाहों का कथन लेकर पीएम रिपोर्ट प्राप्त किया गया।

मर्ग जांच दौरान मृतक के पिता बताये कि दिनांक 17/10/2022 के सुबह बबलू पटेल और विवेक चौहान घर से विद्यासागर बुलाकर अपने साथ ले गये जिससे ट्रांसफार्मर खम्भा में जबरन चढ़वाकर ट्रांसफार्मर का डिओ को जोड़वा रहे थे, इस दौरान 11 के.व्ही. विद्युत प्रवाहित करेंट के चपेट में आने से विद्यासागर का शरीर जल गया और वहीं मृत्यु हो गया। गवाहों के कथन मर्ग जांच पर बबलू पटेल एवं विवेक चौहान द्वारा विद्युत लाईन में मृत्यु कारित होना जानते हुए कार्य कराकर मृत्यु कारित करना पाये जाने पर अपराध धारा 304, 109, 34 भादवि का अपराध दोनों आरोपियों पर दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी कर आरोपी भुवनेश्वर पटेल उर्फ बबलू पिता गोपीचंद पटेल उम्र 24 साल एवं विवेक चौहान पिता राम प्रसाद चौहान उम्र 19 साल निवासी ग्राम चोरंगा थाना लैलूंगा को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, सहायक उप निरीक्षक चन्दन नेताम, प्रधान आरक्षक सुमेश गोश्वामी, भूखलाराम भगत, आरक्षक जॉन टोप्पो, राजू तिग्गा और पुष्पेन्द्र मराठा की प्रमुख भूमिका रही है।

## जेपीएल के जेएमसी एरिया में इलेक्ट्रिक चोक चोरी कर भाग रहा युवक गिरफ्तार, तमनार पुलिस ने भेजा रिमांड पर



**रायगढ़।** दिनांक 19.10.2022 को जे.पी.एल. तमनार के सिक्युरिटी गार्ड मनोज कुमार यादव थाना तमनार में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 18.10.2022 को अपने साथियों के साथ जेपीएल प्लांट के JMC एरिया में गश्त कर रहे थे। इस दौरान JMC एरिया , सलिहाभांठा में एक व्यक्ति को प्लास्टिक बोरी में कुछ सामान लेकर बाउंड्रीवाल की ओर जाते देखे जो गश्त गाडी को देखकर भागने लगा जिसे पूछताछ करने पर अपना नाम अजय लोहार पिता लालसाय उम्र 30 साल निवासी ग्राम सलिहाभांठा थाना तमनार का रहने वाला बताया जिसके बोरी को चेक करने पर उसमें 10 नग इलेक्ट्रिक चोक कीमत लगभग 8,000 रूपये का रखा हुआ था। अजय लोहार को थाना लेकर आये। तमनार पुलिस आरोपी पर चोरी का अपराध कायम कर आरोपी अजय लोहार उर्फ अजय सिदार सलिहाभांठा, तमनार से विधिवत 10 नग इलेक्ट्रिक चोक की जप्ती कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## कृषि विज्ञान केन्द्र में चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान



**रायगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ में 2 से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता माह मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत स्वच्छता संबंधित जानकारी एवं लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न कृषि अवशेषों को सूक्ष्मजीवों द्वारा सड़ाना, वर्मीकम्पोस्ट बनाना, कॉलेज एवं स्कूलों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता कार्यक्रम, किसानों के साथ गांव की साफ-सफाई, प्रायमरी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी में विभिन्न विषयों जैसे-हाथ धोने, अपने आस-पास की सफाई की जानकारी एवं कार्यालय कैंपस की सफाई की जा रही है। अब धान की कटाई शुरू हो रही है, जिसका अवशेष (फ्लारी) किसानों द्वारा खेत में ही जला दी जाती है। जिससे मृदा स्वास्थ्य खराब एवं प्रदूषण होता है इस विषय पर भी विभिन्न प्रशिक्षणों एवं रावे के छात्रों द्वारा किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

## विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर ग्राम महापल्ली में संपन्न





**रायगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में तथा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत विकासखण्ड रायगढ़ के अंतर्गत आने वाले ग्राम महापल्ली में जिला आयुर्वेद अधिकारी, डॉ.मीरा भगत के मार्गदर्शन में 18 अक्टूबर को विकासखण्ड स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य संगीता गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मुकेश गुप्ता, जनपद सदस्य अशोक निषाद, सरपंच ग्राम पंचायत महापल्ली अनंतराम चौहान, गणमान्य नागरिक महापल्ली टंकधर प्रधान, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत महापल्ली, टेकचंद गुप्ता सरपंच ग्राम पंचायत लोइंग, सूरत पटेल तथा पूर्व जनपद सदस्य संतोष चौहान उपस्थित रहे। जिला पंचायत सदस्य संगीता गुप्ता ने शिविर स्थल पर वितरित होने वाले रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले काढ़ा के उपयोग के विषय पर प्रकाश डाला। जन-जन तक आयुर्वेद, योग, होम्योपैथी एवं घरेलू चिकित्सा के लाभ को पहुंचाने के लिए इस शिविर में वात रोग, उदर रोग, चर्म रोग, अर्श, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, स्त्री रोग, नेत्र रोग, कर्ण रोग एवं गला संबंधित रोगों के कुल 312 जिसमें आयुर्वेद से 245 एवं होम्योपैथी से 67 मरीजों का नि:शुल्क उपचार करते हुए औषधियां वितरित की गई तथा स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विभिन्न प्रकार के पाम्पलेट का वितरण भी शिविर स्थल पर किया गया।

शिविर स्थल पर प्रकृति परीक्षण, औषधीय पौधों की जानकारी, हर दिन हर घर आयुर्वेद पर परिचर्चा, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने संबंधी काढ़ा का वितरण तथा सेल्फी प्वाइंट पर हितग्राहियों द्वारा सेल्फी लेने आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिविर प्रभारी डॉ सुभाष चंद्र झा, डॉ हेमेंद्र सिदार, डॉ यू.आर.मोधिया, डॉ विकास कुमार विक्रांत, डॉ शेख सादिक, डॉ रजनी पटेल एवं डॉ मुकेश साहू होम्योपैथी चिकित्सक, हरिशंकर नायक, गंगा सिदार, हेमंत पटेल, विनय कुमार, शैलेष सिंह, विश्वबंधु सोनी, हीरालाल, अनिल कंवर, मीणा महंत, अक्षय कुमार तथा शासकीय प्राथमिक शाला, महापल्ली के प्रधान पाठक, भारती गुप्ता एवं सभी शिक्षकगण की भूमिका सराहनीय रही।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२२१३५९ पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480